77 वां गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

दैनिक डिजिटल अखबार

# पोलिट लाइव

झारखण्ड-बंगाल बिहार संस्करण

+ वेब चैनल
+ यूट्यूब न्यूज
+ 1 लाख लोग

सफलता पूर्वक साल 6

27 फरवरी 2026, अंक 241

A TRUSTED BRAND
CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL
CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)
ADMISSION OPEN
SESSION 2026 - 2027
NURSERY TO STD. 9 & 11
SCIENCE COMMERCE & ARTS
HOSTEL FACILITY AVAILABLE
AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION
LIMITED SEATS
FIT INDIA SCHOOL
TOP 500
ISO 9001:2015
9470585217, 9934319186| BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD

# काउंटिंग की तैयारियां पूरी, मतगणना स्थल पर चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था

## मीडिया कर्मियों के लिए मीडिया कोषांग तैयार

### विनोद बिहारी महतो चौक से बेकारबाँध रूट पर आम वाहनों की एंट्री बंद

**धनबाद :** नगर निकाय चुनाव की मतगणना शुक्रवार, 27 फरवरी 2026, को राजकीय पॉलिटेक्निक में सुबह 8:00 बजे से शुरू होगी। मतगणना को लेकर सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतगणना स्थल पर सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था है। मीडिया कर्मियों के लिए काउंटिंग के समाचार संकलन के लिए मीडिया कोषांग भी बनकर तैयार है।




धनबाद नगर निगम के महापौर व 55 वार्ड पार्षद के मतों की गिनती के लिए 11 काउंटिंग हॉल में 117 टेबल पर एवं चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष और 21 वार्ड पार्षद के मतों की गिनती 4 काउंटिंग हॉल में 24 टेबल पर की जाएगी। सबसे पहले धनबाद नगर निगम के वार्ड 1, 6, 11, 16, 21, 26, 31, 36, 41, 46 और वार्ड 51 के मतों की गिनती प्रारंभ होगी। तत्पश्चात क्रमवार वार्ड की गणना की जाएगी।

धनबाद नगर निगम के वार्ड संख्या 1 से 5 के लिए 11 टेबल, 6 से 10 के 11, 11 से 15 के 9, 16 से 20 के 10, 21 से 25 के 12, 26 से 30 के 12, 31 से 35 के 10 टेबल, 36 से 40 के 10, 41 से 45 के 10, 46 से 50 के 10 एवं वार्ड 51 से 55 के लिए 12 टेबल पर मतों की गिनती की जाएगी। वार्ड पार्षद और महापौर की गिनती एक साथ होगी। जबकि चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड 1 से 5, 6 से 10, 11 से 15 एवं 16 से 21 की गिनती 6 – 6 टेबल पर की जाएगी। यहां भी वार्ड पार्षद और अध्यक्ष की गिनती एक साथ होगी। हर टेबल पर काउंटिंग सुपरवाइजर तथा दो असिस्टेंट रहेंगे।

विनोद बिहारी महतो चौक से **बेकारबाँध रूट पर आम वाहनों की एंट्री बंदः**

वहीं मतगणना को लेकर सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्जन लागू किया गया है। पुलिस द्वारा जारी निर्देश के अनुसार विनोद बिहारी महतो चौक से बेकारबांध तक जाने वाले मार्ग पर किसी भी प्रकार के सामान्य यात्री वाहन या निजी वाहन का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यह निर्णय मतगणना स्थल के आसपास भीड़ और जाम की स्थिति से बचने के उद्देश्य से लिया गया है।

उक्त मार्ग पर केवल मतगणना कार्य में तैनात पदाधिकारी व कर्मी तथा उम्मीदवार व उनके अधिकृत एजेंट को आने की अनुमति रहेगी। सभी अधिकृत वाहन पॉलिटेकनिक मैदान में ही पार्क किए जाएंगे। सड़क पर वाहन खड़ा करने की अनुमति नहीं होगी। नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

बेकारबाँध से राजकीय पॉलिटेक्निक के बीच जिन लोगों का आवास या प्रतिष्ठान है, उन्हें विशेष परिस्थिति में बेकारबाँध की ओर से प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। वहीं, विनोद बिहारी महतो चौक से राजकीय पॉलिटेक्निक के बीच रहने वाले लोगों को बिनोद बिहारी चौक की ओर से प्रवेश दिया जाएगा।

यह विशेष यातायात व्यवस्था 27 फरवरी को सुबह 05:00 बजे से रात 08:00 बजे तक प्रभावी रहेगी। धनबाद प्रशासन ने आम नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की सलाह दी है, ताकि मतगणना कार्य शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

# मतगणना को लेकर विशेष ब्रिफिंग सत्र आयोजित

**धनबाद :** नगर निकाय चुनाव के मतगणना को लेकर आज न्यू टाउन हॉल में मतगणना से संबंधित एक विशेष प्रशिक्षण सह ब्रीफिंग सत्र का आयोजन किया गया।





सभी निर्वाची पदाधिकारी, सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी एवं उससे संबद्ध सहयोगी कर्मियों के लिए आयोजित इस प्रशिक्षण सत्र को ब्रीफ करते हुए अपर समाहर्ता सह महापौर पद के निर्वाची पदाधिकारी श्री विनोद कुमार ने कहा कि मतगणना टेबल पर काउंटिंग सुपरवाइजर एवं निर्वाची पदाधिकारियों के निर्देशों के अनुरूप निर्वाचन प्रक्रिया के अनुसार एकरूपता के साथ मतगणना करें। मतपेटिका खोलने के पूर्व लेबल (एड्रेस टैग) तथा सील को भलीभांति देख लें और प्रत्याशी के एजेंट को संतुष्ट करें। मतपत्र के वैध और अवैध करने में पूरी सावधानी बरतें। इसके पूर्व मुख्य प्रशिक्षक श्री दिलीप कुमार कर्ण ने हेल्प डेस्क, बज्रगृह, रिसीलिंग और निर्वाची पदाधिकारी के टेबल पर प्रतिनियुक्त कर्मियों के कार्य एवं दायित्व के बारे में पावर प्वाइंट के साथ विस्तार से समझाया। उन्होंने मतपत्र की गिनती समाप्त होने के बाद प्रपत्र 19, 20, 21, 22 आदि भरने की प्रक्रिया को बारिकी से समझाया। वहीं 2 प्रत्याशी के मत बराबर होने पर लॉटरी प्रक्रिया को भी समझाया।

प्रशिक्षण सह ब्रीफिंग सत्र में एडीएम सप्लाई श्री जियाउल अंसारी, नोडल पदाधिकारी प्रशिक्षण सह जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री अभिषेक झा, कार्यपालक दंडाधिकारी श्री नारायण राम, श्री मुरारी नायक, श्री विकास त्रिवेदी समेत सभी निर्वाची पदाधिकारी एवं मुख्य प्रशिक्षक श्री संजय कुमार, श्री राज कुमार वर्मा, श्री कुमार वंदन उपस्थित थे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम कक्ष का सील, सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन यंत्र सहित पूरे परिसर का निरीक्षण किया। साथ ही रख–रखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद उन्होंने बताया कि यह मासिक रूटीन निरीक्षण है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक माह ईवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण करना होता है। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री कालिदास मुंडा, निर्वाचन शाखा के श्री सागर कुमार (भजोहरि), श्री राकेश कुमार, श्री रजाक अंसारी, श्री सजल मंडल व अन्य कर्मी मौजूद थे।



# होली को लेकर तेतुलमारी थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

**तेतुलमारी कतरास :** होली पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर गुरुवार को तेतुलमारी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी विवेक चौधरी और संचालन मदन ठाकुर ने किया इस दौरान थाना प्रभारी ने लोगो से अपिल करते हुए कहा कि होली प्रेम का त्योहार है इसे मिलजुल कर शांतिपूर्ण तरीके से मनाए डीजे बजाने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी राहगीरों को जबरदस्ती रंग न लगाएं हुड़दंग करने वालो बक्से नही जाएंगे अशांति फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगीमौके पर मनदीप कुमार बैठा, तुरंत टोपनो, राम कृष्ण मरांडी,दिलीप मिश्रा, बालदेव यादव, छोटू सिंह,शंभू दुबे ,पंकज सिंह ,कौशल्या देवी, राजू कुमार,वींरेंद्र कुमार सिंह मनोज कुमार निषाद, गीता देवी लक्ष्मी देवी, सोहवा देवी, मुन्नी देवी, रंजीत कुमार सुनील सिंह राजन गुप्ता ,विजय भारती ,सुरेंद्र बावरी, विक्रम कुमार ,सूरज कुमार , दीपेश कुमार चौहान आदि लोग मौजूद थे



# सदर अस्पताल में सफलतापूर्वक लैपरोटॉमी संपन्न

## सफल ऑपरेशन से 45 वर्षीय महिला को मिली राहत



**धनबाद :** आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सदर अस्पताल में एक और सफल शल्य चिकित्सा कर मरीज को नया जीवन मिला।
इसके जानकारी देते हुए अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार प्रसाद ने बताया कि गीता देवी, उम्र 45 वर्ष, पति श्री हीरा लाल महतो, ग्राम – तांतरी, प्रखंड तोपचांची की निवासी हैं। वे पिछले लगभग 6 माह से पेट में लगातार दर्द की समस्या से परेशान थीं। स्थानीय स्तर पर उपचार कराने के बावजूद उन्हें आराम नहीं मिल रहा था। साथ ही वे मानसिक रूप से भी चिंतित थीं क्योंकि उनकी माताजी का निधन पूर्व में ओवेरियन ट्यूमर के कारण हो चुका था। इस बीच वे सदर अस्पताल में पदस्थापित स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. संजीव कुमार से परामर्श हेतु पहुँचीं। आवश्यक जांच के बाद अल्ट्रासाउंड में उनके पेट में ट्यूमर पाए जाने की पुष्टि हुई।
तत्पश्चात डॉ. संजीव कुमार के नेतृत्व में सफलतापूर्वक लैपरोटॉमी की गई। ऑपरेशन के दौरान पाया गया कि गाँठ बाईं ओवरी से उत्पन्न हुई थी। परिस्थिति की गंभीरता को देखते हुए मरीज का टोटल एब्डॉमिनल हिस्टरेक्टॉमी बाइलेटरल सैल्पिंगो–ओओफोरेक्टॉमी किया गया। इसके बाद निकाले गए सैंपल को आगे की पैथोलॉजिकल जांच हेतु भेज दिया गया है। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति सामान्य एवं संतोषजनक है। गीता देवी एवं उनके परिजनों ने सफल उपचार के लिए अस्पताल प्रबंधन एवं चिकित्सा टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि इस प्रकार की शल्य चिकित्सा निजी अस्पताल में कराने पर लगभग 40,000 से 50,000 रुपये तक का खर्च आता है, किंतु आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत यह संपूर्ण उपचार निःशुल्क किया गया। सदर अस्पताल प्रबंधन द्वारा यह संदेश दिया गया है कि गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए अब लोगों को आर्थिक चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सरकारी योजनाओं के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

# झारखंड विधानसभा में अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से विधायक राज सिन्हा ने उठाए जनहित से जुड़े गंभीर मुद्दे

**रांची :** झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने सदन में अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के अंतर्गत विगत 7-8 महीनों से लंबित 7,72,446 महिलाओं के आवेदनों का गंभीर मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने विशेष रूप से धनबाद, रांची एवं पलामू जिलों में सर्वाधिक आवेदन लंबित रहने पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया।




विधायक श्री सिन्हा ने सदन में बताया कि दिसंबर 2025 तक राज्य सरक ार द्वारा मात्र 51,24,060 लाभुकों को ही योजना का लाभ दिया गया, जबकि निर्धारित लक्ष्य के अनुसार करीब 60 लाख महिलाओं को इस योजना से आच्छादित किया जाना था। उन्होंने आरोप लगाया कि राजकीय कोष की अनुपलब्धता एवं विभागीय शिथिलता के कारण लाखों पात्र महिलाएं योजना के लाभ से वंचित हैं।उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025झ26 में फर्जी तरीके से योजना का लाभ उठाने तथा उनसे अब तक राशि की वसूली एवं विधि सम्मत कार्रवाई नहीं होने के कारण राज्य को करोड़ों रुपये के राजस्व नुकसान का मामला भी सदन में प्रमुखता से उठाया। श्री सिन्हा ने लंबित आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई, फर्जी लाभुकों की संख्या, रिकवरी की गई राशि का विवरण एवं संपूर्ण प्रक्रिया की समय–सीमा निर्धारित करने की मांग की।

इसके साथ ही विधायक श्री सिन्हा ने जेबीभीएनएल द्वारा प्रीपेड विद्युत उपभोक्ताओं को अचानक पुराने बकाया बिल भेजे जाने से उत्पन्न हो रही गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का मुद्दा भी सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि पोस्टपेड से प्रीपेड मीटर में परिवर्तन के दौरान बकाया भुगतान के बावजूद उपभोक्ताओं को अतिरिक्त बकाया बिल के संदेश भेजे जा रहे हैं, जिससे लाखों उपभोक्ताओं पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ रहा है। विधायक श्री सिन्हा ने इस समस्या का तत्काल समाधान, उपभोक्ताओं को राहत एवं समय–सीमा के भीतर निष्पादन की मांग करते हुए सरकार से स्पष्ट जवाब देने को कहा।

## उपायुक्त के निर्देशानुसार बेलगड़िया में लाभुकों के बीच 9 ई रिक्शा का वितरण







**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देशानुसार बेलगड़िया में स्वारोजगार को बढ़ावा देने हेतु जिला प्रशासन और जेआरडीए लगातार प्रयासरत है। सहकारिता विभाग द्वारा ई–रिक्सा सहयोग समिति लिमिटेड का निर्माण करा कर बेलगड़िया के लाभुकों को लगातार लाभ प्रदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देशानुसार बेलगड़िया स्थित जेआरडीए के प्रशासनिक कार्यालय में ई–रिक्सा सहयोग समिति लिमिटेड (पलानी, बलियापुर प्रखण्ड) के माध्यम से समिति सदस्यों के स्वारोजगार को बढ़ावा देने हेतु जेआरडीए (बीसीसीएल सीएसआर) के सौजन्य से 9 लाभुकों के बीच नई ई रिक्शा की चाबी प्रदान की।

# लोन डिसबर्समेंट ही माना जाएगा लक्ष्य प्राप्त करने का आधार




**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक कर प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उपायुक्त ने कहा कि पीएमईजीपी का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नए व्यवसाय स्थापित करके स्व–रोजगार के अवसर पैदा करना है। जबकि पीएमएफएमई ह्यआत्मनिर्भर भारत अभियानह्ल के तहत शुरू की गई एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जो असंगठित सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को वित्तीय, तकनीकी और व्यावसायिक सहायता प्रदान करती है। परंतु समीक्षा के दौरान पाया गया कि कई बैंकों द्वारा इन योजनाओं के आवेदन आवेदक का सिबिल स्कोर अच्छा रहने के बाद भी विभिन्न कारण बताकर अस्वीकृत कर दिए जाते हैं। आवेदकों से पोर्टल में दर्शाए गए दस्तावेजों के अलावा अतिरिक्त दस्तावेज, कॉलेटरल सिक्योरिटी, व्यवसायिक बिजली कनेक्शन व अन्य कागजात की मांग की जाती है। उपायुक्त ने कहा कि केवल आवेदन की स्वीकृति नहीं बल्कि अब बैंक द्वारा लोन डिसबर्समेंट को लक्ष्य प्राप्त करने का आधार माना जाएगा। उन्होंने खराब प्रदर्शन करने वाले कुछ बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक के साथ विशेष बैठक करने का तथा योजनाओं के लिए प्राप्त आवेदनों को फॉलो अप करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त श्री आदित्य रंजन, उप विकास आयुक्त श्री सन्नी राज, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक श्री राजेन्द्र प्रसाद, एलडीएम श्री अमित कुमार, जेएसएलपीएस के डीपीएम श्री सुदिप्तो बनर्जी, रांची से आए खादी विलेज इंडस्ट्रीज कमिशन के जिला समन्वयक श्री श्याम देव चौधरी के अलावा विभिन्न बैंक के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# पलाश हर्बल गुलाल निर्माण हेतु प्रशिक्षण का आयोजन

## प्रशिक्षण के दौरान 300 डॅ हर्बल गुलाल का किया गया निर्माण










**धनबादः** ओएसएफ रतनपुर आजीविका महिला संकुल संगठन, गोविंदपुर, धनबाद के तत्वावधान में गोविंदपुर में तीन दिवसीय पलाश हर्बल गुलाल निर्माण प्रशिक्षण का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में समूह की 10 दीदियों को प्राकृतिक एवं सुरक्षित गुलाल तैयार करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान 300 डॅ हर्बल गुलाल का निर्माण किया गया है।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य दीदियों को मौसमी बाजार से जोड़ते हुए उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। तैयार किया जा रहा गुलाल पूर्णतः प्राकृतिक सामग्री जैसे अरारोट पाउडर, पलाश फूल, चुकंदर (बीट), गेंदा फूल, पालक, एवं हल्दी से निर्मित है, जो शुद्धता एवं पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक है। यह उत्पाद 100% हर्बल एवं त्वचा के लिए सुरक्षित है।

पलाश (खरछ्ढर) द्वारा उत्पादों की बाजार व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे दीदियों को बेहतर विपणन अवसर प्राप्त हो सके और उनके आजीविका संवर्धन को मजबूती मिले। डरा अध्यक्ष रीना गोराई के द्वारा इस प्रशिक्षण की निगरानी एंव गुणवतापूर्ण पलाश गुलाल निर्माण किया गया। गुलाल निर्माण की प्रशिक्षण डॉली सिंह के द्वारा दिया जा रहा है.इनके हौसलों को मजबूती देने में प्रखंड के बीपीएम डॉ रमेश कुमार मण्डल एंव आजीविका के बीपीओ नवीन कुमार का भी विशेष योगदान रहा है। उनके मार्गदर्शन और दीदियों की मेहनत के बल पर यह पहल साकार हो पाया है।

# विधानसभा में फिर गरजी झरिया विधायक रागिनी सिंह, बोलीं

## जब न्यायालय और विधायक सुरक्षित नही तो आम जनता कैसे रहेगी सुरक्षित?

**रांची/धनबाद।** झारखंड विधानसभा में झरिया विधायक रागिनी सिंह ने एक बार फिर धनबाद की बिगड़ती कानून–व्यवस्था का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाते हुए सरकार को कटघरे में खड़ा किया उन्होंने धनबाद में हालिया आपराधिक घटनाओं का विस्तृत उल्लेख करते हुए कहा कि ह्लजब न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिल रही हो और विधायक का आवास सुरक्षित न हो, तो आम जनता की सुरक्षा की कल्पना कैसे की जा सकती है?ह्व

धनबाद न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी, अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं

विधायक ने सदन को अवगत कराया कि बीते एक दिन पूर्व धनबाद न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। यह न केवल न्यायिक व्यवस्था पर सीधा हमला है, बल्कि कानून के राज को खुली चुनौती भी है। उन्होंने कहा कि न्यायालय जैसे संवेदनशील और संरक्षित माने जाने वाले स्थान को यदि अपराधी निशाना बना रहे हैं, तो यह राज्य की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न है।

उन्होंने आरोप लगाया कि धमकी की घटना के बाद भी पुलिस ठोस कार्रवाई करने में विफल रही है और अब तक किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है।

विधायक आवास 'सिंह मेंशन' पर बमबाजी, दो सप्ताह बाद भी पुलिस खाली हाथ रागिनी सिंह ने सदन में यह भी बताया कि सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित उनके आवास सि-ंह मेंशन पर विगत दो सप्ताह पूर्व अज्ञात अपराधियों द्वारा बमबाजी की गई थी। यह घटना न केवल एक




जनप्रतिनिधि पर हमला है, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को अस्थिर करने का प्रयास भी है।

उन्होंने कहा कि अपराधी खुलेआम वारदात को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं और पुलिस सिर्फ दावे करती रह जाती है। धरातल पर परिणाम शून्य है।ह्व

**धनबाद में भय का माहौल, पुलिस के दावे खोखले :**सदन में बोलते हुए विधायक ने कहा कि धनबाद में अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ चुका है कि वे किसी भी समय किसी भी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। उन्होंने सरकार से पूछा कि जब एक विधायक का घर और न्यायालय सुरक्षित नहीं है, तो आम नागरिक, व्यापारी, महिलाएं और बच्चे कैसे सुरक्षित रहेंगे?

उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस केवल प्रेस बयान और बड़े–बड़े दावों तक सीमित है, जबकि जमीनी स्तर पर अपराध नियंत्रण की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

**विधानसभा अध्यक्ष ने लिया संज्ञान:**विधायक द्वारा उठाए गए गंभीर मुद्दों पर विधानसभा अध्यक्ष ने मामले को संज्ञान में लेने और सरकार से जवाब तलब करने की बात कही है। हालांकि विपक्षी सदस्यों ने भी इस मुद्दे पर सरकार से स्पष्ट कार्रवाई और समयबद्ध जांच की मांग की।

**सरकार पर सीधा हमला:**रागिनी सिंह ने अंत में कहा कि यदि राज्य सरकार कानून–व्यवस्था पर नियंत्रण स्थापित करने में विफल रहती है, तो इसका सीधा असर आम जनता के विश्वास पर पड़ेगा। उन्होंने धनबाद में बढ़ते अपराधों की उच्चस्तरीय जांच, दोषियों की त्वरित गिरफ्तारी और सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की मांग की।

धनबाद में हालिया घटनाओं ने न केवल राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है, बल्कि आम नागरिकों के बीच भी असुरक्षा की भावना को और गहरा कर दिया है। अब देखना यह है कि सरकार इन गंभीर आरोपों और मांगों पर क्या ठोस कदम उठाती है।

# जिला स्तरीय निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन गोविंदपुर मे संपन्न



**धनबाद :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) गोविंदपुर में जिला स्तरीय निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिले के सभी प्रखंडों के वर्ग 07 के छात्र/छात्राओं ने इसमें भाग लिया।अलग अलग थीम आधारित यह प्रतियोगिता बच्चों के रचनात्मकता और अभिव्यक्ति की क्षमता पर आधारित रही। इस प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में विभिन्न विद्यालयों के स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक/शिक्षिका थे।

**प्रतियोगिता का परिणाम निम्नवत रहा –***

**निबंध प्रतियोगिता – प्रथम पुरस्कार – संगीता बाउरी – पी एम श्री मध्य विद्यालय केशरकुराल (एगारकुंड)**

**द्वितीय पुरस्कार – कृति कुमारी –सेठ सुखीराम बालिका मध्य विद्यालय गोविंदपुर।**

**तृतीय पुरस्कार_ चिंकी कुमारी – बी एस एस बालिका उच्च विद्यालय धनबाद।**

**भाषण प्रतियोगिता – प्रथम पुरस्कार – सुमित दास –उत्क्रमित मध्य विद्यालय धोबारी,कैलियासोल।**

**द्वितीय पुरस्कार – एंजल कुमारी – मध्य विद्यालय सरायढेला कोलवाशरी धनबाद।**

**तृतीय पुरस्कार – रिया महतो– उत्क्रमित मध्य विद्यालय लखीपुर केलियासोल धनबाद।**

सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र,शील्ड और मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर हौसला आफजाई किया गया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में डायट के संकाय सदस्य श्री सुधीर रॉय श्री सुनील कर्मकार ,श्रीमती सुनीता कुमारी, श्रीमती सुमन सिंह समेत सभी सदस्यों की महती भूमिका रही



# कैमरे के नज़र मे मतगणना स्थल पॉलिटेक्निक परिसर




सभी पार्षद प्रत्याशी और मेयर उम्मीदवारों का टेंट लगा चूका है, अभी से ही भीड़ लगने लगी है, जाम की स्थिति बनी हुई है, कुछ अतिउत्साहित उमीदवार अभी से ही कैंप मे समर्थकों के साथ बैठकी जमाये हुए है. सभी सुबह 7 बजे का इन्तजार कर रहें है..
























